# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31 जुलाई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कल विधानसभा में पेश किया 12 हजार 909 करोड़ का अनुपूरक बजट। 319 करोड़ 95 लाख रुपये नई योजनाओं और शेष पुरानी योजनाओं पर होगा खर्च।
- लव जिहाद और पेपर लीक के मामलों में अब अधिकतम आजीवन कारावास और कड़े जुर्माने तक का हुआ प्रावधान, कल विधानसभा में विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध संशोधन अधिनियम और उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा– अनुचित साधनों का निवारण विधेयक हुआ पारित।
- प्रदेश की 11 हजार बसों में अब जल्द मिलेगी पार्सल सेवाः उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने किया दिल्ली की कंपनी से पांच वर्षों का अनुबंध।
- पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में जीता कांस्य पदक। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई।

**********

उत्तर प्रदेश सरकार ने कल विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024–25 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। 12 लाख 20 हजार 992 करोड़ रुपये के इस बजट में राजस्व लेखा व्यय 4 हजार 227 करोड़ 94 लाख रुपये और पूंजी लेखा का व्यय 7 हजार 981 करोड़ 99 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

कल संसद में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट को पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार इस वर्ष के मूल बजट का एक दशमलव 6 6 प्रतिशत है। इसमें 319 करोड़ 95 लाख रुपये नई योजनाओं पर खर्च किया जाएगा। बाकी की धनराशि पुरानी योजनाओं पर खर्च होगी। अनुपूरक बजट में औद्योगिक विकास के लिए 7 हजार 500 करोड़ रुपये, ऊर्जा विभाग के लिए दो हजार करोड़ रुपये, परिवहन विभाग की नई बसों को खरीदने के लिए एक हजार करोड़, अमृत योजना को पूरा करने के लिए छह सौ करोड़, कौशल विकास की योजना के लिए दो सौ करोड़ और ग्राम पंचायत से जुड़ी योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अलावा अनुपूरक बजट में माध्यमिक शिक्षा विभाग के 284 राजकीय इंटर कॉलेजों में लैब के लिए 28 करोड़ 40 लाख रुपये, एक हजार 40 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों मे आईसीटी लैब के लिए 66 करोड़ 82 लाख रुपये

आवंटित किये गये हैं। अनुपूरक बजट में संस्कृति विभाग के लिए 74 करोड़ 90 लाख रुपये, अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए 53 करोड़ 15 लाख रुपये, रोजगार मिशन के लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये, विधानसभा सचिवालय में डाटा सेंटर नवीनीकरण के लिए 3 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

**********

लव जिहाद के मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के साथ ही अब अवैद्य मतांतरण के लिए विदेशी फंडिंग से लेकर विभिन्न संस्थाओं की मदद से बड़े पैमाने पर किए जा रहे अपराध पर नकेल कसेगी। इस खेल में शामिल राष्ट्र विरोधी तत्व भी कार्रवाई के दायरे में शामिल होंगे।

इस लक्ष्य से कल विधानसभा के मानसूत्र सत्र के दूसरे दिन विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध संशोधन अधिनियम 2024 पारित हो गया। संशोधन अधिनियम में छल, कपट या जबरदस्ती कराये गये धर्मान्तरण के मामलों में कानून को पहले सख्त बनाते हुए अधिकतम आजीवन कारावास और पांच लाख रुपये जुर्माने की सजा का प्रावधान किया गया है। इससे पहले तक इसके तहत 10 साल की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान था। इसके साथ ही विदेशी फंड्स का इस्तेमाल कर धर्म परिवर्तन कराने पर सात से 14 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं नाबालिक, दिव्यांग, मानसिक दुर्बल का धर्म परिवर्तन कराने पर पांच से 14 साल की सजा हो सकती है। सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामलों में सात से 14 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इस तरह के मामलों में रिश्तेदारों के अलावा कोई भी जानकारी दे सकता है।

इसके अलावा विधानसभा में पेपर लीक रोकने को लेकर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा– अनुचित साधनों का निवारण विधेयक 2024 भी पारित हो गया। इसमें अधिकतम आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये जुर्माने का प्रावधान है। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान सपा की सदस्य डॉ0 रागिनी सोनकर ने महिलाओं और बच्चों के प्रति बढ़ रहे अपराध को लेकर सवाल उठाया। इस पर नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवाब देते हुए कहा कि महिला और बाल सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरह सचेत है।

***महिला सुरक्षा के बारे में प्रदेश सरकार पूरी तरह सचेत है सक्रिय है हर बेटी को भी, हर व्यापारी को भी सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।***

श्री योगी ने कहा कि 2016 की तुलना में दहेज के मामले 2023–24 में 17 दशमलव पांच फीसदी घटे हैं। बलात्कार के मामलों में 25 दशमलव 30 फीसद की कमी आई है। वहीं 2017 से 2024 तक महिला एवं बाल उत्पीड़न के 24 हजार 402 अभुयुक्तों को सजा दिलाई गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़े पेंडिंग मामलों को निपटाने में उत्तर प्रदेश, देश मे दूसरे स्थान पर है।

*महिला समन्वय अपराध सेजुड़े हुए मामलों में बालात्कार के मामलों में नाबालिक के साथ जो उनके सेक्चुअल हरेसमेंटसे जुड़े हुए जो मामले थें। वर्षों से पेंडिंग थे उस पेंटिंग को पूरा करने के साथ आजमुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि उ. प्र. देश के उन टॉप–3 राज्यों में है जिन लोगोंने पेंटिंग को पूरा करते हुए और देश के अंदर पेंडिंग रेट के आधार पर प्रदेशका देश में तृतीय स्थान और इन मामलों को अपराधियों को सजा दिलाने के मामले मेंमामलों को पूरी तरह निस्तारण के मामलों में देश के अन्दर तीसरे स्थान पर उप्र.है।*

उधर विधानपरिषद में कार्यवाही के दौरान सपा सदस्यों ने दो बार वेल में आकर हंगामा किया। पहली बार शून्यकाल में बोलने की अनुमति न मिलने पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव सदस्यों के साथ वेल में आ गये। उन्होने कहा कि यह उनके विशेषाधिकार का हनन है। दूसरी बार कार्य स्थगन के मुद्दे पर सूचना न लिये जाने पर सपा सदस्यों ने वेल में आकर विरोध दर्ज कराया।

**********

परिवहन निगम की बसों में अब जल्द ही लोगों को पार्सल सेवा का लाभ भी मिलने लगेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और मेसर्स एवीजी लॉजिस्टिक लि. दिल्ली के बीच पांच वर्षों के लिए अनुबंध किया गया है। इस व्यवस्था को संचालित करने के लिए 9 सितंबर, 2024 तक आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर लिया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में साधारण और एसी बसों को मिलाकर कुल 11 हजार बसों का प्रयोग इस सेवा के लिए किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से आगरा,गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, इटावा, कानपुर और झांसी को शामिल किया गया है, जहां ज्यादा बुकिंग होने की संभावना है। परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को अनुबंध में निहित प्रावधानों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

**********

पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्होसे 16–10 के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले मनु भाकर ने दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय निशानेबाज देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों निशानेबाजों ने शानदार कौशल और टीमवर्क की भावना का प्रदर्शन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दोनों भारतीय शूटर्स को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आप दोनों की इस उपलब्धि से समूचा राष्ट्र हर्षित एवं गर्वित है।

**********

नीट यूजी 2024 के लिए काउंसलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग दारा जारी नोटिस के अनुसार काउंसलिंग के लिए पंजीकरण अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। एनएमसी के सचिव डा बी श्रीनिवास ने कहा कि देशभर के लगभग 710 मेडिकल कालेजों में लगभग डेढ़ लाख एमबीबीएस सीटों के आंवटन के लिए कांउसलिंग होगी। साथ ही आयुष और नर्सिग सीटों के साथ ही इक्कीस हजार बीडीएस सीटों के लिए भी कांउसलिंग होगी।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। गरज और चमक के साथ बीती रात से हो रही बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से छुटकारा मिला है। मौसम विभाग ने आजमगढ़, गोरखपुर, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, आंबेडकरनगर, देवरिया, संतकबीरनगर, बस्ती, महाराजगंज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली समेत विभिन्न जनपदों में तेज बारिश के साथ मेघगर्जन की संभावना जताई है। उधर, बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी में गंगा के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इससे 84 घाटों का आपस में संपर्क टूट गया है। वहीं गंगा आरती का स्थान बीस फीट पीछे कर दिया गया है। घाटों से संपर्क टूटने के कारण मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह का स्थान भी बदल गया है।

**********